केंद्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन
मुख्यालय कार्यालय, प्रयागराज
जनसम्पर्क विभाग

दिनांक 19/10/2024

प्रेस विज्ञप्ति

कोर, द्वारा संगम क्षेत्र की सफाई का आयोजन

केन्द्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन, प्रयागराज द्वारा प्रयागराज मे लगने वाले महाकुम्भ-2025 के आयोजन को सफल बनाने तथा रेलवे बोर्ड के निर्देशनुसार दिनांक 02 अक्तूबर 2024 से चल रहे "स्वच्छता पखवाड़ा के विशेष अभियान 4.0 के अतर्गत श्री एस. एस. नेगी-मुख्य बिजली इंजी. (P&D) की अध्यक्षता में दिनांक 19/10/2024 को समय प्रातः 08 बजे से 09 बजे तक संगम क्षेत्र में स्वच्छता सम्बन्धी श्रमदान किया गया। इस कार्यक्रम में श्री कल्याण सिंह-उप महाप्रबंधक एवं श्री विमल कुमार जनसम्पर्क अधिकारी सहित कोर के अधिकारियों व कर्मचारियों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया।

इस कार्यक्रम के दौरान संगम क्षेत्र में प्रभात फेरी निकली गई तथा क्षेत्र में कचरा को एकत्र करके कूड़ा दान में डाला गया। इसी क्रम में लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया कि लोग गंदगी न फैलाएँ, कूड़ा इधर उधर फेंकनें की बजाय उचित कूड़ादान में ही डालें, पान गुटका खाकर इधर-उधर न थूकें तथा प्लास्टिक के प्रयोग से बचें जिससे कि महाकुम्भ-2025 को स्वच्छता के साथ सफलता से आयोजित किया जा सके।

(कल्याण सिंह)
मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी
कोर/प्रयागराज